विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


बुधवार, 19 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 127, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# आम जनता के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री साय

## सुशासन को सुदृढ़ करने के लिए सीईजीआईएस और टीआरआई के साथ हुआ एमओयू , मुख्यमंत्री की उपस्थिति में ऐतिहासिक समझौते पर हुए हस्ताक्षर : प्रशासनिक पारदर्शिता

**रायपुर।** प्रदेश में शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में सुशासन एवं अभिसरण विभाग ने सेंटर फॉर इफेक्टिव गवर्नेंस ऑफ इंडियन स्टेट्स (ष्टश्वत्रढ्ढस्) और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया (ञ्जक्रढ्ढ) के साथ समझौता ज्ञापन (रूश) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी से प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि, योजनाओं की प्रभावी निगरानी एवं क्रियान्वयन को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि संसाधनों का सही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से हमने प्रदेश में च्सुशासन एवं अभिसरण विभागज् की स्थापना की है। यह 58वां विभाग न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा बल्कि सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज हुए एमओयू से प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और नीति-निर्माण में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि ई-गवर्नेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, शिकायत निवारण तंत्र और योजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी सुविधाओं को इस पहल से नया आयाम मिलेगा। इस एमओयू से न केवल सरकारी कर्मचारियों और युवाओं के कौशल विकास और क्षमता उन्नयन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शासन की योजनाओं को अधिक प्रभावी और सुगम बनाया जाएगा।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि भ्रष्टाचार पर सख्त लगाम लगेगी और



आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त होगा। सीईजीआईएस के फाउंडर श्री कार्तिक मुरलीधरन ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर राज्य की नीतियों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तकनीकी, विश्लेषणात्मक और रणनीतिक सहयोग देंगे। साथ ही, रणनीतिक बजटिंग और वित्तीय प्रबंधन में शासन को सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक स्तर की विशेषज्ञता और डेटा-ड्रिवन नीति निर्माण से छत्तीसगढ़ को व्यापक लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों के सतत विकास के लिए ञ्जक्रढ्ढ के साथ हुए समझौते के तहत, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और जल संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। ञ्जक्रढ्ढ के एसोसिएट डायरेक्टर श्री श्रीश कल्याणी ने बताया कि हम छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर स्थानीय शासन को सशक्त बनाने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने और ग्रामीण विकास को तेज गति देने में सहयोग करेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि-आधारित आजीविका और जलवायु अनुकूलन जैसे क्षेत्रों में व्यापक सुधार लाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस महत्वपूर्ण समझौते के लिए सुशासन एवं अभिसरण विभाग, सीईजीआईएस और टीआरआई के प्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक सुधारों की नई राह खुलेगी और राज्य की जनता को योजनाओं का त्वरित और प्रभावी लाभ मिलेगा। इस ऐतिहासिक समझौते के अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि इस एमओयू की छत्तीसगढ़ में सुशासन की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव श्री राहुल भगत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजू एस, तथा सीईजीआईएस और टीआरआई के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारीज द्वारा 23 से 26 तक महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय सेवाकेंद्र डोंगरगांव रोड गोकुल नगर के आगे बिजली सब स्टेशन के पास स्थित ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर 'में 23 फरवरी से 26 फरवरी तक महाशिवरात्रि महोत्सव



का आयोजन किया जा रहा है। इसका भव्य शुभारंभ 23 फरवरी को संध्या 6 बजे होगा । इस महोत्सव में 40 फीट ऊंचा विशाल शिवलिंग विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा । साथ ही 12 ज्योतिर्लिंग की झांकी भी लगाई जाएगी । इस भव्य महोत्सव का लाभ नगरवासी 23 से 26 फरवरी तक प्रतिदिन संध्या 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक ले सकते है । यह जानकारी सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने दी ।

## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से हिरेन्द्र साहू को मिल रहा अपार जन समर्थन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम चुनाव संपन्न होने के बाद अब सबकी नजर पंचायत एवं जिला पंचायत चुनाव पर टिकी है। प्रत्याशी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। कहीं जनसभाओं का दौर जारी है, तो कहीं रैली कर रहे हैं और डीजे के साथ शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं राजनांदगांव जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से जिला पंचायत सदस्य हिरेन्द्र कुमार साहू को गाड़ी छाप पर लोगों का काफी समर्थन मिल रहा हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से खड़े सभी प्रत्याशियों लगभग आगे चल रहे हैं। लोगों का कहना है कि हिरेन्द्र कुमार साहू काफी विजय की ओर है, जिस पर श्री साहू जी को विजय बनाने में जन समुदाय भरपूर मेहनत करते हुए जुटे हैं। अब जिला पंचायत का चुनाव में मुकाबला रोचक होता जा रहा है। मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए उम्मीदवार विभिन्न रणनीतियों का सहारा ले रहे हैं। कोई सामाजिक कार्यों को गिनाकर वोट मांग रहा है, तो कोई वादों को विकास योजनाओं में बनाकर वोट मांग रहा है। चुनाव में काफी टक्कर देखने को मिली हैं। जनता अब समझदारी से मुद्दाओं का चयन कर रही है और



विकास को प्राथमिकता दे रही है। इस बार सिर्फ पार्टी नहीं बल्कि प्रत्याशी की योग्यता और उनकी छवि को देखकर वोट देंगे। इसके लिए क्षेत्र की जनता हिरेन्द्र कुमार साहू को इसके योग्य सोच रही हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक12 की सदस्य के लिए विजय बनाने जुट गए। चुनावी गतिविधियों के बीच प्रशासन भी सतर्क है। आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी तरह जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से जिला पंचायत सदस्य हेतु हिरेन्द्र कुमार साहू गाड़ी छाप पर 5 नंबर पर बहुमूल्य वोट मांगते हुए अपील की है।

**वादा नहीं विकास होगा - हिरेन्द्र कुमार साहू**

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैदाटोला से जिला पंचायत सदस्य पद हेतु किसान पुत्र,जन हितैषी, सेवाभावी, कर्मठ,शिक्षित, सरल, सहज एवं लोकप्रिय प्रत्याशी हिरेंद्र कुमार साहू जिसका चुनाव चिन्ह गाड़ी छाप है जनसंपर्क के दौरान आज ग्राम बरेठटोला, बिसाहू टोला, मगरधोखरा, किरगाहा टोला,फाफामार, जंगलपुर, सीताकसा,मगर ढोकरा, किरगाहा टोला, भोलापुर, चिरचारी,जोशीलमती, कोलियारी,खोराटोरा मे सघन जनसंपर्क किया साथ में भुनेश्वर साहू, कांति साहू, भारत साहू,कोमल साहू, प्रवीण साहू,राजू यादव,राजेश साहू, ईवत धनकर, डॉ. राजकुमार साहू,गजेंद्र साहू, कुमार साहू चुनाव प्रचार प्रसार में शामिल होकर प्रत्याशी हिरेन्द्र साहू के समर्थन में जोर शोर से प्रचार कर रहे।

## दवा विक्रेता संघ ने मधुसूदन यादव का स्वागत किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला दवा विक्रेता संघ राजनांदगांव के नेतृत्व में केमिस्ट साथियों ने राजनांदगांव नगर निगम के नव निर्वाचित मेयर आदरणीय मधुसूदन यादव जी के द्वारा प्रचंड मतों से विजयी होने की खुशी में छ.ग.दवा विक्रेता संघ से संगठन मंत्री देवव्रत गौतम, जिला दवा विक्रेता संघ से अध्यक्ष अतुल जैन, सचिव दशरथ प्रसाद शर्मा, कार्यकारणी के सदस्य एवं नवनिर्वाचित पार्षद durendra साहू ,पूर्व सचिव रोमेश शर्मा,अशोक कटारिया, प्रकाश जावरानी, रविशंकर साहू, प्रेम लाल वर्मा, जयंती साहू, प्रवीण दमानी, अरविन्द सिन्हा,नीटू सिन्हा इत्यादि केमिस्ट भाइयों ने श्री मधुसुदन यादव जी का पुष्पगुच्छ एवं फूलमाला से स्वागत अभिनंदन उनके ग्रह निजी निवास पर जाकर किया उक्त अवसर पर मेयर साहब ने स्वागत, अभिनंदन एवं चुनाव में मतों से सहयोग देने के लिए दवा संघ को धन्यवाद दिया साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में आने वाले समय में जिला दवा विक्रेता संघ को पूर्ण सहयोग देने की बात कही उक्त जानकारी जिला दवा विक्रेता संघ राजनांदगांव के सचिव दशरथ प्रसाद शर्मा ने दी।



## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 तुमड़ीबोड में निर्मला जितेंद्र सिन्हा को क्षेत्र में मिल रहा है व्यापक जन समर्थन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7, तुमड़ीबोड मे श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया गया है,जिसका चुनाव चिन्ह छाता छाप है। जनसंपर्क के दौरान आज ग्राम रुवातला,कसारी, कोल्हापुरी,पुरैना, पारागांव खुर्द, रेंगाकठेरा,मुंदगांव, कोहका आदि दर्जनों गांव में नुक्कड़ सभा कर जीत का आशीर्वाद लिया। श्रीमती सिंन्हा जनता से सीधा संपर्क कर अपनी चुनावी रणनीति को लागू कर रही है राजनीतिक और सामाजिक अनुभव रखने वाली श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा क्षेत्र के लिए कोई नया चेहरा नहीं है वे पंचायती राज में जनपद पंचायत सदस्य पद पर रह चुकी हैं और उसके इस अनुभव का लाभ उन्हें इस चुनाव में मिलेगी। उनके पास क्षेत्र के विकास और समस्याओं का गहरा ज्ञान है जिसे लेकर जनता से सीधे संवाद कर रही है उनके चुनाव प्रचार में बढ़ती भीड़ और समर्थन यह दर्शाती है कि जनता में उनका समर्थन काफी मजबूत है।श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा की चुनावी यात्रा में जनता का जो समर्थन देखने को मिल रहा है वह उन्हें चुनावी मैदान में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करती है।



## जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 9 में प्रचार जोरों पर

### छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कवि मीर अली मीर गांवों का दौरा कर रहे



**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 9 में प्रचार जोरों पर, कवि व पद्मश्री भी दौरा कर रहे। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 राका में 23 फरवरी को वोटिंग होगी। चुनावी शोरगुल थमनें में तीन दिन का ही समय बचा है। इसके पहलें प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा ने अपनें प्रत्याशी के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत कोड़ापे को अधिकृत किया है। वे क्षेत्र के ग्रामों का दौरा करके ग्रामीणों से मेल मुलाक़ात कर रहे है। उनके प्रचार में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कवि व पद्मश्री भी पहुंचकर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर उनके पक्ष में प्रचार कर रहे है। धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा की सभा में काफी भीड़ उमड़ी। उन्होंने अपनी भजनों व छत्तीसगढ़ी गीतों से काफी तालियां बटोरी। स्वयं को बैगा बताया और कहा कि आप सभी वोटर एक अच्छे जनप्रतिनिधि चुननें के लिए जागरूक है। अब तक अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा, गीतकार व कवि मीर अली मीर व पद्मश्री डॉ. अशोक मंडावी पहुंच चुके है। जो अपनी छत्तीसगढ़ी कविताओं से लोगों को गुदगुदा रहे है। प्रशांत भी नुक्कड़ सभा लेकर वोटरों तक भाजपा सरकार की योजनाओं को पहुंचा रहे है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के अंतर्गत आनें वालें ग्राम मुरमुंदा, मुड़पार, मेढा, राका, पटपर, धनडोंगरी, रामाटोला, मक्काटोला, भोथली, गाजमर्रा, कल्याणपुर, अंडी, पिनकापार, हीरापुर, सेंदरी, मोतीपुर सहित अन्य ग्रामों में चुनाव प्रचार अंतिम चरण में है। वहीं कांग्रेस ने प्रभा साहू को अपना प्रत्याशी अधिकृत किया है। प्रभा दूसरी बार जिला पंचायत सदस्य की प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में है।

# राजनीतिक गलियारों में चर्चा, इस बार निगम अध्यक्ष समान्य वर्ग से

## लोगों में चर्चा महापौर ओबीसी से तो निगम अध्यक्ष सामान्य वर्ग से होना चाहिए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम राजनांदगांव में जिस तरह से भाजपा के पार्षदों की संख्या 39 है, उसको देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि निगम अध्यक्ष के लिए इस बार दावेदारों की लंबी फौज है, भाजपा के लिए एक नाम पर सहमति बना पाना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा।

नगर निगम का महापौर पद इस बार अनारक्षित था। भाजपा ने यहां से पार्टी के बड़े और लोकप्रिय चेहरे मधुसूदन यादव को चुनाव मैदान में उतार दिया था, जो कि ओबीसी से हैं, दबी जुबान से सही उस समय भाजपा में यह चर्चा सामने आई थी कि अनारक्षित सीट से सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को ही उम्मीदवार बनाया जाए , परंतु भाजपा ने श्री यादव पर दांव लगाकर जिस तरह से बड़ी जीत हासिल की, उससे अपने निर्णय को एकदम सही और सटीक करार दे दिया, अब वहीं सवाल नगर निगम अध्यक्ष को लेकर भी है, कहा जा रहा है कि कम से कम निगम अध्यक्ष के रूप में सामान्य वर्ग के पार्षद को अवसर मिलना चाहिए। इसके लिए चौक-





चौराहों पर चर्चा छिड़ गई है कि अध्यक्ष सामान्य वर्ग से ही होना चाहिए।

सामान्य वर्ग से निगम अध्यक्ष के लिए जिन प्रमुख भाजपा पार्षदों के नाम सामने आ रहे हैं, उनमें प्रथम नाम राजा माखीजा का आ रहा है। इसके पश्चात शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को पराजित कर निगम पहुंचे शैकी बग्गाको लेकर भी नाम आ रहा है वहीं सांसद संतोष पाण्डेय की पहली पसंद आलोक श्रोती भी शामिल है।

लाालबाग के पार्षद राजा माखीजा ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की है तथा चेम्बर ऑफ कामर्स ,कैट एवं समाजसेवी के रूप में पूरे शहर में जाने व पहचाने जाते है इसलिए हो सकता है कि विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह एवं महापौर मधुसूदन यादव दोनों इस पर मुहर लगा सकते है।

भाजपा सूत्रों की माने तो वर्मा भी निगम महापौर के लिए प्रबल दावेदार है। इसके अलावा भी भाजपा में बहुत सारे पार्षदों ने अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी की है। अब चूंकि परिणाम परिणाम भाजपा के पक्ष में एकतरफा आ गया है। इसलिए निगम अध्यक्ष के लिए दावेदारों की लंबी कतार लग गई है। स्वभाविक है पार्षदों की संख्या ज्यादा होने के कारण इस बार भाजपा को निगम अध्यक्ष का चुनाव करना भी मुश्किल होगा। अभी तो शुरूआत है। आने वाले समय में दावेदारों का आंकड़ा और बड़ा सकता है।

यदि पिछड़े वर्ग की बात आती है तो भाजपा में एक बड़ा नाम है जो इन दिनों चर्चा में है पूर्व प्रतिपक्ष नेता शिव वर्मा का एवं दूसरा नाम है 51 वार्डों में सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाले पारस वर्मा का। अब देखना है कि राजनांदगांव निगम अध्यक्ष सामान्य वर्ग से होता है या फिर भाजपा अपने सामान्य वर्ग को समाप्त कर ओबीसी वर्ग से लेते है ?

### संगठन की पसंद पर लग सकती है मुहर

**नगर निगम में सामान्य वर्ग के दावेदारों की संख्या को देखते हुए भले ही अध्यक्ष का चुनाव कठिन होगा, लेकिन जितने भी दावेदार हैं, वे अपने नेताओं के सतत् संपर्क में बताए जाते हैं। संगठन की पसंद पर ही अंतिम मुहर लगेगी। इसके प्रमुख रूप से विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह , महापौर मधुसूदन यादव एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की राय ही अंतिम निर्णय होगा।**

nandgaon times feb-19-03.qxd 2/18/2025 11:58 PM Page 2



# दिग्विजय कॉलेज के केमिस्ट्री विभाग के प्राध्यापक एवं छात्रों ने प्राकृतिक उत्पादों से बनाई हर्बल क्रीम : मिलेगा पेटेंट



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दैनिक जीवन में हम सभी विभिन्न प्रकार के सामान्य रोगो से पीड़ित होते है जिसमे सर्दी, बुखार सरदर्द आदि प्रमुख है 7 इनके उपचार के लिए ज्यादातर लोग बाजार आधारित रासायनिक उत्पादों पर निर्भर रहते है जिसके कई साइड इफ़ेक्ट है एवं लिए हानिकारक होता है, दूसरी ओर हर्बल प्राकृतिक उपचार लंबे समय से प्राकृतिक गुणों के लिए परीक्षण किए जाते हैं एवं जिनका उपयोग करना हमारे लिए लाभदायक सिद्ध हुआ है इसी मे विचार करते हुए केमिस्ट्री विभाग के प्राध्यापक डॉ डाकेश्वर कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में एम एस सी -रसायनशास्त्र के छात्रों रिया महोबिया, संस्कृति देशमुख, भीखम एवं पूर्णिमा ने एक प्राकृतिक उत्पादों का उपयोग करते हुये सर्दी , सामान्य बुखार एवं सरदर्द के लिए एक क्रीम तैयार की है 7 इसे सावधानीपूर्वक चयनित प्राकृतिक उत्पादों एवं जड़ी-बूटियों के अर्क से तैयार किया गया है, जो सर्दी, गले में खराश, शरीर और सरदर्द निवारक गुणों के लिए प्रयोग में लायी जा चुकी है 7 इसमें मुख्य सामग्री के रूप में आसव तेल (लौंग, दालचीनी), कपूर, प्राकृतिक शहद मोम, पुदीना, अजवायन जैसे दस प्राकृतिक चीजों का उपयोग किया गया है 7 सिंथेटिक दर्द निवारक दवाओं के विपरीत, जो त्वचा की एलर्जी, खुजली आदि जैसे कई दुष्प्रभावों के साथ आ सकते हैं, जबकि हर्बल दर्द निवारक उत्पाद एक सौम्य विकल्प प्रदान करते हैं। निर्माण की प्रक्रिया में एक से दो सप्ताह का समय लगा और अंतिम उत्पाद प्राप्त हुआ। इस उत्पाद में उपयोग की जाने वाली सभी सामग्री हर्बल हैं और बिना किसी दुष्प्रभाव के उपचारात्मक गुण रखती हैं। पैच परीक्षण: उत्पाद बनने के बाद इसे पैच परीक्षण से गुजरना पड़ता है, जिसमें हम उत्पाद को त्वचा के एक छोटे से हिस्से पर लगाते हैं और 10-15 मिनट के लिए छोड़ देते हैं, जिससे पता चलता है कि इससे खुजली या किसी अन्य दर्द जैसे कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है, यह परिक्षण सात लोगो पर भी किया गया जिसमे किसी तरह का साइड इफ़ेक्ट । फाइटोकेमिकल विश्लेषण: हमने फाइटोकेमिकल परीक्षण के माध्यम से सक्रिय घटक की उपस्थिति का भी परीक्षण किया। परिक्षण के आधार पर हमने निष्कर्ष निकाला कि हर्बल घटकों को उत्कृष्ट दर्द निवारक उत्पाद के रूप में प्रभावी रूप से तैयार किया जा सकता है। ये उत्पाद स्वाभाविक रूप से हमारी रिकवरी में सहायता करते हैं, रसायनों दवाओं पर निर्भर रहे बिना हर्बल सामग्री से बना पदार्थ का उपयोग कर हम स्वस्थ जीवन निर्वाह कर सकते है तथा साथ ही यह सुरक्षित और प्रभावी समाधान देते हैं। केमिस्ट्री विभाग के प्राध्यापक डॉ डाकेश्वर कुमार वर्मा ने बताया की यह उत्पाद पांच ग्राम के डिब्बे में भी उपलब्ध है और इसके पेटेंट की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है ताकि इसे बड़े स्तर पर उत्पादन किया जा सके 7 महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुचित्रा गुप्ता ने भी इस उत्पाद को ख़रीदा और रिसर्च टीम को इस कार्य को आगे बढाने के लिए प्रेरित एवं मार्गदर्शन दिया।

# विधायक ने नीलम टिकेश साहू को जीताने सँभाली कमान

## जिला पंचायत क्षेत्र क्रं 6 में विधायक साहू ने झोंकी ताकत



**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जोरो पर है ग्रामीण क्षेत्र मे चहुंओर चुनाव का बुखार है। जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य सहित ग्राम पंचायत सरपँच व वार्ड पंच के लिए ग्रामीण एक एक ही दिन 4 वोट देंगे। चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी अपने अंतिम दांव खेलने की ओर अग्रसर हैं। अंतिम पड़ाव में राजनैतिक दलों के दिग्गज भी पार्टी अधिकृत प्रत्याशियों के लिए नुक्कड़ सभा ले रहे हैं। सोमवार ओर मंगलवार को कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य 05 के प्रत्याशी नीलम टिकेश साहू को जीत दिलाने के लिए विधायक दलेश्वर साहू ने मारगांव, गिरगांव, बीजाभाठा, माहुलझोपडी, व सांगिनकछार सहित अनेक गांवों में नुक्कड़ सभाएं ली। इस दौरान उन्होंने प्रत्याशी नीलम साहू के पति व निवर्तमान जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू के कार्यकाल दरम्यान जनपद एवं विधायक के जुगलबंदी से किये गए विकासकार्यो को ग्रामीणों को याद दिलाया। विधायक ने कहा कि नीलम साहू को जीत दिलाकर जिला पंचायत भेज दीजिए। क्षेत्र में विकासकार्य दोगुने रफ्तार से विकासकार्यों की जिम्मेदारी और गारंटी विधायक दलेश्वर साहू की है। प्रत्याशी नीलम साहू ने अपने पति टिकेश साहू के जनपद अध्यक्ष कार्यकाल दौरान क्षेत्र के लिए समर्पण एवं जनता से मिलनसार व्यवहार को बताते हुए उगता सूरज छाप में अपना प्यार व दुलार बरसाने की अपील की। निवर्तमान जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने जनपद के बाद जिला पंचायत में एक बार मौका देकर देखने की बात कही। विधायक दलेश्वर साहू के अलावा पुर्व जिला पंचायत सदस्य सोनुराम साहू, विधायक की धर्मपत्नी जयश्री साहू, निवर्तमान जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू सहित कांग्रेस के स्थानीय जनपद पंचायत प्रत्याशी एवं गाँव के युवा संगठन, महिला समूह, वरिष्ठ गणमान्यजन तथा ग्रामवासी महिला व पुरुष काफी संख्या में उपस्थित थे।

## लखोली मंडई 21 फरवरी को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लखोली वार्ड क्रमांक 31,32, 33, 35 और 36 में मंडई 21 फरवरी दिन शुक्रवार को समस्त वार्डवासियों के तत्वाधान में रखा गया है। मंडई समिति के अध्यक्ष संतोष साहू ने बताया कि लखोली में मंडई के उपलक्ष्य में रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम चंदैनी गोंदा ठेकवा वाले का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने मंडई में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव प्रभारी बने योगेश खत्री

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायपुर के द्वारा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स का चुनाव 24 अप्रैल को उदयाचल में होने जा रहा है। जिसके लिए योगेश खत्री को चेम्बर चुनाव-2025 में राजनांदगांव में मतदान कार्य हेतु निर्वाचन अधिकारी के पद पर मनोनयन किया गया है। जातव्य है कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न होने जा रहा है। राजनांदगांव मतदान केन्द्र में चुनाव संपन्न करवाने हेतु आपको निर्वाचन अधिकारी के पद पर मनोनीत किया जाता है । आशा कि आप चेम्बर चुनाव-2025 संपन्न होने तक आपक सहयोग प्राप्त होगा ।



# जागृति यदु को मिल रहा अपार जन समर्थन

## गांव गांव में दौरा, हो रहा भव्य स्वागत



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था अंतर्गत होने वाले जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 6 में दूसरी बार चुनाव मैदान में उतरी भाजपा समर्थित प्रत्याशी जागृति चुन्नी यदु को ग्रामीणों का अपार समर्थन मिल रहा है। 23 फरवरी को होने वाले मतदान के पूर्व क्षेत्र के समस्त ग्रामों में पहुंचने की चुनौती को स्वीकार करते हुए जागृति लगातार गांवों का दौरा कर रही हैं, इस दौरान गांव गांव में उनका भव्य स्वागत हो रहा है और नुक्कड़ सभा लेकर ग्रामीणों से जीवंत संपर्क बनाने में जुटी हुई हैं। जिला पंचायत क्षेत्र में आरक्षण की घोषणा और एक बार पुन: जिपं 6 आसरा क्षेत्र महिला के लिए आरक्षित होने के बाद निवृतमान जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु का क्षेत्र में धुंआधार जनसंपर्क जारी है। इस दौरान गांव गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किये जाने के साथ साथ उन्हें भरपूर समर्थन का आश्वासन भी मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि बीते कार्यकाल में जागृति अपने क्षेत्र के किसी भी गांव में होने वाले छोटे से छोटे कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी भागीदारी निभाती थीं। इसके अलावा क्षेत्र के गांव गांव में उनके द्वारा शासन की योजनाओं से हटकर अनेक प्रकार के विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाई है, जिसका सीधा लाभ इस बार उन्हें मिल रहा है और लोगों का अपार जनसमर्थन भी मिल रहा है। बीते दिनों जागृति क्षेत्र के ग्राम टोलागांव, ओड़ारबांध, गाताटोला, टप्पा, मलईडबरी, माहुल झोपड़ी, जामसरारखुर्द व जारवाही ग्रामों का दौरा किया और लोगों से सतत संपर्क किया। भाजपा हाईकमान द्वारा नियुक्त चुनाव प्रभारी फागूराम सिन्हा के नेतृत्व में जारी चुनाव प्रचार के दौरान जागृति यदु भविष्य की योजनाओं के बारे में लोगों से बात कर रही हैं। वे अभी तक अपने क्षेत्र के 80 फीसदी ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों से मिल चुकी हैं।

## छात्रों के लिए एक व्याख्यान का सफल आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा भौतिकी के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। यह व्याख्यान मुख्य रूप से कंप्यूटर एवं सी-लैंग्वेज प्रोग्रामिंग विषय पर आधारित था। इस व्याख्यान में भौतिक शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति बाला टांक, अतिथि व्याख्याता डॉ. रामकृष्ण देशमुख उपस्थित रहे, एवं मुख्य अतिथि के रूप में कम्प्यूटर साइंस विभाग की सहायक प्राध्यापक हेमपुष्पा थीं। उन्होंने भौतिकी स्नातकोत्तर के छात्रों को विषयधारित जानकारी दी एवं उनका मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम में हेमपुष्पा मैडम ने छात्रों को कम्प्यूटर, सी कोडिंग, ऐरे, पॉइंटर, डेटा टाइप एवं विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। इससे स्नातकोत्तर भौतिकी के प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों को लाभ हुआ।

## जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार किरण साहू का डोर टू डोर जनसंपर्क तेज



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से जिला पंचायत सदस्य पद हेतु शिक्षित, सहज, मिलनसार, ईमानदार एवं सेवा भावी, मृदुभाषी, योग्य महिला प्रत्याशी जो की पूर्व में जिला पंचायत सदस्य व हाले कोसा ग्राम पंचायत का सरपंच रह चुकी है।

## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालयए के वाणिज्य विभाग में पालक . शिक्षक बैठक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालयए राजनांदगांव में वाणिज्य विभाग के द्वारा पालक . शिक्षक बैठक का आयोजन प्राचार्या डॉण् सुचित्रा गुप्ता के नेतृत्व में एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉण् एसण् केण् ऊके के मार्गदर्शन में किया गया। बैठक के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाईए विकास एवं उनसे संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई । बैठक मे मंच संचालन प्रोण् रागिनी पराते द्वारा किया गया। प्रोण् एचण् सीण्जैन द्वारा स्वागत उद्बोधन के पश्चात उपरोक्त बैठक के उद्देश्य से अवगत कराया गया एवं पाठ्यक्रम के संपूर्ण जानकारी सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली सिलेबस संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात पलको एवं विद्यार्थियो ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कृषि को नई तकनीक द्वारा सफल बनाने एवं अन्य उत्पादन द्वारा रोजगार से संबंधित अवसरों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। बैठक में पाठकों से सुझाव आमंत्रित किए गए जिसमें सभी विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण विचार जैसे सीएण् ;चार्टर्ड अकाउंटेंटद्धए यूजीसी नेट ए प्रतियोगी परीक्षाओं की मार्गदर्शन प्रदान किया जाए एवं सोशल मीडिया के नुकसान से संबंधीय सुझाव विद्यार्थियों से बैठक में सुझाव लिया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉण् देहुती बंछोर द्वारा किया गया। शिक्षक पालक बैठक में वाणिज्य विभाग के समस्त पर प्राध्यापक स्वयंसिद्धा झाए डॉण् प्रज्ञा मिश्रा तरुण वर्माए पूजा कुमारी और डॉण् सूरज पटेल उपस्थित रहे।

**शुभांक**

**4-7-0**

**470-1 900-9**

**भाग्यांक**

**123-6 230-5**

## निधन

### सुरजीत सिंह जी भाटिया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दिनाँक 18 फरवरी अपराह्न लगभग 3 बजे सरदार श्री सुरजीत सिंह जी भाटिया (राजनांदगांव) का देहावसान हो गया है. उनकी अंतिम यात्रा कल दिनाँक 19 फरवरी को संध्या 3.30 बजे निवास स्थान सिविल लाइन रायपुर से मारवाड़ी श्मशान घाट बुढ़ा तालाब के लिए प्रस्थान करेगी. वे श्री गुलाबीर सिंह भाटिया के बड़े भाई, बलदेव सिंह भाटिया ( पप्पू भाटिया), नीलू भाटिया के पिता एवं प्रभतेज सिंह भाटिया के दादाजी थे.

# राजिम कुंभ कल्प महोत्सव में स्वर धारा की शानदार प्रस्तुति

## राजिम कुंभ मेला में विष्णु कश्यप से साथ 35 कलाकारों ने दिए प्रस्तुति, राजिम कुंभ मेला में स्वर धारा के कलाकारों ने मचाया धूम



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ की सबसे बड़े माघी पूर्णिमा कुंभ मेला महोत्सव राजीव लोचन के सानिध्य आयोजित की जाती है जहां छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा मंच सजाया जाता है ।इस मंच में छत्तीसगढ़ के ही नहीं बल्कि पूरे भारत के तमाम नाम चिन्ह कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं ।इसी मंच में संस्कारधानी राजनांदगांव की सबसे पुरानी एकमात्र संस्था विष्णु कश्यप कृत छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक लोक कला मंच स्वर धारा अपने पूरे 35 कलाकारों के साथ शानदार प्रस्तुति दी है। जिसमें लोक गायक देवानंद वर्मा आरती साहू प्रेमा बंजारे श्वेता मानिकपुरी,अंजलि सोनवान और युवा कलाकार धनंजय साहू अपनी शानदार प्रस्तुति दी ।कार्यक्रम की शुरुआत शानदार संचालन के साथ धनंजय साहू ने शुरूआत किया इसके बाद छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक गायक विष्णु कश्यप में भगवान गजानंद एवं मातारानी के वंदना के साथ छत्तीसगढ़ी के सुवा ददरिया करमा पंथी पंडवानी भरथरी जैसे अनेक विधाओं की प्रस्तुति दिए। इस प्रस्तुति में दर्शकों का बहुत ही प्यार मिला साथ ही राजिम कुंभ मेला के आयोजक और पदाधिकारियों ने बधाई दिए। सरधारा परिवार संस्कार धानी राजनांदगांव से लगातार 38 वर्षों का कल यात्रा का सफर आज तक से चल रहा है जो हमारे छत्तीसगढ़ में ही नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों में भी अपनी शानदार प्रस्तुति देते आ रहे हैं ।आने वाले महाशिवरात्रि में 26 फरवरी को अपनी पूरी टीम के साथ गुंडरदेरही के समीप भोथली में अपनी भव्य प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में संगीत पक्ष तेजराम साहू,दिव्यप्रकाश,ऋषभ ठाकुर,दानेश्वर साहू,जिनेन्द्र कुमार एवं नृत्य पक्ष में नरेश सोनवान,विक्की, दुमेश,लोकेश,अजय,विक्की यादव,राधा,डॉली,टिकेश,शेखर,लिसा,दुलेश मरकाम,कुंदन वर्मा,कमलेश सहित पूरे 35 कलाकार सम्मिलित हुवे थे। जो हमारे राजनांदगांव जिले के लिए बहुत ही गौरव की बात है।

# त्रिस्तरीय भाजपा सरकार से होगा सर्वांगीण विकास : गोपाल सिंह भूआर्य



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी गोपाल सिंह भूआर्य ने चुनाव प्रचार को और तेज कर दिया है 18 फरवरी को उन्होंने कुमरदा क्षेत्र के दर्जनों गांवो में जनसंपर्क किया और ग्रामीण से मुलाकात कर भाजपा को जिताने की अपील की। इन जनसभाओं में श्री भूआर्य ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियां को विस्तार से बताएं उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान और युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है. ग्रामीणों ने भी भाजपा प्रत्याशी को अपना समर्थन देने का भरोसा दिलाया और उनके विजयी होने की कामना की।

**एक-एक वोट से तय होगा गांवो का भविष्य**

भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह भूआर्य ने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने कीमती वोट का सही उपयोग करें और भाजपा को भारी मतो से विजयी बनाएं. आपका एक वोट क्षेत्र के विकास की दिशा तय करेगी भाजपा सरकार ने किसानों, महिलाओं,युवा और गरीबों के लिए जो योजनाएं बनाई है उन्हें आगे बढ़ाने के लिए पंचायत स्तर पर भाजपा को जीतना जरूरी है भाजपा के पक्ष में मतदान करें और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में योगदान दे।

# महाविद्यालय में महिला डिजिटल साक्षरता कार्यशाला आयोजन



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महाविद्यालय में महिला डिजिटल साक्षरता कार्यशाला में पी.एम. उषा योजना के अंतर्गत विस्तृत वर्णन केन्द्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत लिंग समावेशन और समानता पहल 2023-26 के अंतर्गत नोडल केन्द्र शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वाधान में शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव के प्राचार्य डॉ. बी.एन. मेश्राम के मार्गनिर्देशन में तथा पीएम उषा प्रभारी डॉ. ए.के. धमगाये के सहयोग से कार्यशाला का द्वितीय दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर तथा राजगीय गीत के साथ हुआ। आज कार्यशाला का द्वितीय दिवस में मुख्य वक्ता श्वेता अग्रवाल सहायक प्राध्यापक उपस्थित रही। मुख्य वक्ता ने ग्रामीण महिलाओं के लिए डिजिटल साक्षरता विषय पर व्याख्यान दिया। जिसका मुख्य आकर्षण पी एम उषा योजना जो कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित है, उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिला के लिए डिजिटल साक्षरता का महत्व, ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में डिजिटल विभाजन को कैसे कम किया जाये। टेक्नोलॉजी से महिलाओं को शसक्त कैसे किया जाये इस पर चर्चा हुयी। भारत में तकनीक की बढ़त्व को देखते हुये केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पी.एम. दिशा योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। जैसे ही ये योजना की लाभ किस प्रकार के व्यक्ति ले सकते हैं। कितनी प्रकार की भाषा में संचालित है, किस समय में प्रशीक्षण पुरी होगी, कहां से आवेदन किया जा सकता है तथा आवेदन के लिये आवश्यक कागजात के बारे में अंत्योदय आक्षर व्यक्ति (14 से 60 वर्ष) बी.पी.एल., एस.सी., एस.टी., विकलांग, अल्पसंख्यक व्यक्तियों को प्रयोजना का लाभ लेने एवं प्राथमिकता दी जायेगी। अंत में साक्षर महिला राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनती है कहकर व्याख्यान का समापन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के पी.एम. उषा प्रभारी डॉ. ए.के.धमगाये। अतिथि को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया साथ ही साथ सहायक प्राध्यापक डॉ. चेतन कुमार साहू, की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव जितेन्द्र साहू ने आभार व्यक्त किया और मंच संचालन का आयोजन पूर्वा देवांगन ने किया। प्रशांत देवांगन, नारायण दास साहू, चंचल राजपूत ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के सर्वांगीण विकास हेतु भाजपा अधिकृत प्रत्याशी बिरम रामकुमार मंडावी ने किया धुआंधार जनसंपर्क



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के सर्वांगीण विकास हेतु भाजपा की अधिकृत महिला प्रत्याशी मिलनसार,सरल, सहज, हमर दीदी श्रीमती बिरम रामकुमार मंडावी है,जिसका चुनाव चिन्ह उगता सूरज छाप है। जनसंपर्क के दौरान आज ग्राम टिपानगढ़,घोटिया, मासुल,मातेखेड़ा,बंम्हनी चार भाठा, केशोखैरी सहित क्षेत्र के दर्जनों गांव में सभा लेकर सघन जनसंपर्क किया। जिला पंचायत प्रत्याशी श्रीमती बिरम रामकुमार मंडावी ने अपने समर्थकों के साथ प्रचार के अंतिम दिवस धुआंधार जनसंपर्क किया और मतदाताओं से जीत का आशीर्वाद लिया। भाजपा प्रत्याशी बिरम रामकुमार मंडावी ने घर घर जाकर लोगों से मिली जनता की समस्या सुन समाधान का आश्वासन दिया.बिरम मंडावी ने युवा,बुजुर्ग, महिलाओं से जीत का आशीर्वाद मांगा इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उसकी प्रथम प्राथमिकता है जनता की सेवा करने वह चुनाव मैदान में है। भाजपा प्रत्याशी बिरम रामकुमार मंडावी ने 20 फरवरी दिन गुरुवार को उगता सूरज चुनाव चिन्ह पर अपना अमूल्य वोट एवं आशीर्वाद प्रदान कर प्रचण्ड मतों से विजयी बनाने का अपील किया.इस दौरान उनके समर्थकों में प्यारेलाल साहू, पवन कुमार साहू, कार्तिक राम साहू, पुनाराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं भाजपा कार्य कर्तागण चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।

## ज्ञान मंथन

*1) पहला विश्व हिमनद दिवस कब मनाया जाएगा?*

*2) हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 किसने जीती?*

*3) डेनाली पर्वत कहाँ स्थित है?*

*4) महाकुंभ मेला सुरक्षा बीमा योजना किसने शुरू की है?*

*5) किस भारतीय प्रोफेसर को गेट्स-कैम्ब्रिज इम्पैक्ट पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 20-21 मार्च 2025 (2) कर्नाटक (3) अमेरिका (4) फोनपे (5) उर्वशी सिन्हा

## प्राकृतिक चिकित्सा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** जीवन आधार पब्लिक चैरिटी राजनांदगाँव के द्वारा दिनांक 17/02/025 को प्यारेलाल माध्यमिक विधालय राजनांदगाँव में योग ,आध्यात्म और प्राकृतिक चिकित्सा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विघालय के मुख्याधयापक द्वारा योग और आध्यात्म पर प्रकाश डालते हुए कहा योग हमारे शरीर को रोग मुक्त बनाता है और आध्यात्म हमें ईश्वर से साक्षात्कार करवाता है इसलिए हमें रोज़ योग और ईश्वर का भजन-कीर्तन करना चाहिए तदुपरांत चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक ओमप्रकाश सहारे ने प्रकाश डालते हुए कहा योग हमारे जीवन का एक सुरक्षा कवच है जिसे जिसे धारण करने से मन की शान्ति हीं नही बल्कि शरीर में नयी ऊर्जा मिलती है और सभी व्याधियां नष्ट-भ्रष्ट हो जाते है और आध्यात्म एक ईश्वर प्राप्ति का मार्ग है इसलिए हमें सच्चा योगी और आध्यात्म पुरूष बनकर जीवन सफल करना है।



## जोंधरा के खेल मैदान में भ्रष्टाचार की बू

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखण्ड के आश्रित ग्राम पंचायत जोंधरा में चार लाख पचास हजार की लागत से माह दिसम्बर से खेल मैदान का निर्माण ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेन्द्र मेश्राम द्वारा करवाया जा रहा है। मैदान निर्माण के नाम पर मात्र खानापूर्ति ही की गयी है। जिस मैदान को खेल मैदान बता कर निर्माण करने की बात कही जा रही है बस से कई सालो से ही स्वस्फूर्त मैदान बना हुआ है बारिश के कारण कही कही पर ही गढ्ढे बन आये थे जिसे ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा ग्राम में एकत्रित कचरो को डालकर उपर से किन्ही गढ्ढो पर मिट्टी तो कही मुरूम डाल दिया गया है दबी जुबान से ग्रामीण इसकी चर्चा पानठेला, हॉटल, में लगातार कर रहे थे कि खेल मैदान में नाम पर व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचारकी बू आ रही है। शिकायत पश्चात जॉच में दूध का दूध और पानी का पनाी हो पायेगा। ग्रामीणो द्वारा इस आशय की शिकायत 19 फरवरी को जनपद पंचायत छुरिया के सी.ई.यो. को सौपी जायेगी। ग्रामीणों की माने तो मैदान में जो कार्य हुआ है उसमें अधिकतम एक लाख रूपये का खर्च संभव है। वही कुछ ट्रेक्टर मुरूम की ढुलाई की गयी है वो भी जांच का विषय है।




# प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिये निगम की टीम ने की कार्यवाही

## प्लास्टिक डिस्पोजल की जगह पेपर डिस्पोजल ग्लास का उपयोग करने गन्ना रस विक्रेताओं से आयुक्त ने की अपील



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने सख्ती बरतते हुये नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों व ठेला खोमचा पर कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही की कडी में आज निगम का स्वास्थ्य अमला नया बस स्टैण्ड, जी.ई. रोड के 12 दुकानदारों व ठेला खोमचा वालों पर कार्यवाही कर लगभग 3 किलो झिल्ली पन्नी, डिस्पोजल ग्लास व स्ट्रा की जप्ती कर 3100 रूपये जुर्माना लगाए। पर्यावरण संरक्षण तथा प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन की मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिदिन प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है।

निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने कार्यवाही के संबंध में कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन सहित पशु पक्षियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये शासन निर्देश के अनुक्रम में एवं कलेक्टर व प्रशासक श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही की कडी में आज नया बस स्टैण्ड एवं पाताल भैरवी मंदिर के आस पास जी.ई. रोड के होटल दुकान एवं फल व गन्ना रस के ठेला खोमचा में प्रतिबंधित प्लास्टिक की जांच कर लगभग 3 किलो झिल्ली पन्नी तथा 20 रीम डिस्पोजल ग्लास व 7 पैकेट प्लास्टिक स्ट्रा जप्ती कर 3 हजार 1 सौ रूपये जुर्माना लगाया। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने गन्ना रस बेचने वाले दुकानदारों व ठेला वालों से अपील करते हुए कहा है कि, वे प्लास्टिक के डिस्पोजल के स्थान पर पेपर डिस्पोजल ग्लास का उपयोग करें साथ ही स्ट्रा का उपयोग न करें क्योकि यह शरीर को सीधे नुकसान पहुंचाते है। उन्होने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करे। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि स्वच्छता अपनाये व प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुये जब भी घर से निकले कपडे के थैला लेकर निकले तथा लोगो को भी इसके लिये प्रेरित करे।



## परिवार की परंपरा को आगे बढ़ाऊंगी , विकास की नई परिपाटी गढ़ेंगे - दुर्गेश्वरी पाल

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद क्षेत्र क्रमांक 02 रंगीटोला की जनपद प्रत्याशी दुर्गेश्वरी नीलेश पाल को जनता का व्यापक जन समर्थन मिल रहा है । क्षेत्र में जनसम्पर्क करते हुए दुर्गेश्वरी ने कहा कि मेरे ससुर श्री हिरामन पाल ने सदैव जनता की सेवा की है और उन्हीं की परंपरा को निभाते हुए मैं आप सबके बीच सेवा करने आई हूं। दुर्गेश्वरी ने कहा कि इस क्षेत्र के सभी गांव को मॉडल बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा जिसमे सभी गांवों में महिला सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी लगाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मेरे ससुर जी ने समाजसेवा के माध्यम से आप सबकी सेवा की उसी तरह मैं भी आप सबके बीच रहूंगी। दुर्गेश्वरी ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांवों शीतला माता मंदिर का ना सिर्फ जीर्णोद्धार किया जाएगा बल्कि हर गांवों के मंदिरों को रंग रोगन भी किया जाएगा। दुर्गेश्वरी ने कहा कि सड़क नाली बिजली पानी के अलावा ऐसे कामो पर जोर दिया जाएगा जिसने हमारा क्षेत्र मॉडल बने और देश प्रदेश में हमारा नाम हो।



## जनपद क्षेत्र क्र.8 से हिरमोतीन साहू को मिल रहा भारी जनसमर्थन

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद क्षेत्र क्र.8 से हिरमोतीन साहू का धुंआधार जनसंपर्क चल रहा है।हिरमोतीन साहू भाजपा से अधिकृत होने के कारण क्षेत्र में फायदा मिल रहा है।भाजपा का केंद्र और राज्य में सरकार होने व नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा का परचम लहराने से इनको लाभ मिलेगा।साथ ही मंडल अध्यक्ष कांता साहू लगातार क्षेत्र में दौरा कर मतदाताओ को साधने में लगे है।कांता साहू के मंडल अध्यक्ष कार्यकाल का या दूसरा चुनाव हैं।पहला चुनाव नगर पंचायत छुरिया में शानदार सफलता दिलाने के बाद अब उनका लक्ष्य त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने का होगा। हालाकि जनपद क्षेत्र क्र.8 में बड़े बड़े लोगो का नजर रहेगा क्योंकि इस क्षेत्र में पूर्व विधायक प्रकाश यादव की बहू श्रीमती सीमा यादव कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरी है।यादव परिवार का साख दांव में लगी है।इसके चलते यादव परिवार भी जी जान से चुनाव जीतने में लगे हुए हैं।



## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 तुमड़ीबोड से गिरधर वर्मा ने बड़े बुजुर्गो से जीत का आशीर्वाद लिया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे प्रत्याशियों ने जोर से प्रचार प्रसार कर रहे हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 तुमड़ीबोड के सर्वांगीण विकास हेतु जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी गिरधर वर्मा है जिनका चुनाव चिन्ह दो पत्ती छाप है। आज क्षेत्र के ग्राम तेंदुभाटा, मुड़िया मोहरा, विष्णुपुर, सेम्हरा आदि ग्रामो मे डोर टू डोर जनसंपर्क कर किया.गिरधर वर्मा शिक्षित,मिलनसार,सरल, सहज व्यक्तित्व की धनी हैं उनके कुशल व्यवहार से जनता वाकिफहै उन्होंने एक नारा दिया है आप करे समर्थन हम करेंगे परिवर्तन। प्रत्याशी गिरधर वर्मा अन्नदाता किसान परिवार से हैं उसका निवास ग्राम पारागांव खुर्द है। उनके प्रत्याशी होने से क्षेत्र वासियो में हर्ष व्याप्त है वह प्रथम बार सेवा करने के लिए क्षेत्र की जनता की सेवा करने के लिए चुनावी मैदान में है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को लाभ पहुंचाऊंगा और प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा है कि विकास को नई ऊंचाई की ओर ले जाने के लिए बदलाव करते हुए आगामी होने वाले 23 फरवरी को मतदान के दिन एक नंबर दो पत्ती छाप पर मोहर लगाने की आग्रह मतदाताओं से की है।

## साधक का लक्ष्य अपनी साधना को आगे बढ़ाते हुये समाधि को प्राप्त करना

**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )।** साधक का लक्ष्य अपनी साधना को आगे बढ़ाते हुये समाधि को प्राप्त करना होता है। उपरोक्त उदगार श्रमण संस्कृति के उन्नायक लोकोत्तर महापुरुष आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज की समाधि के एक वर्ष उपरांत आयोजित विनयांजलि सभा मेंनिर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने धर्म सभा में सम्वोधित करते हुये व्यक्त किये।मुनि श्री ने कहा कि सम्यक्त्व और समाधि दो ऐसे महत्वपूर्ण विंदु है,जिनसे भव्य आत्माऐं साधक बन करके अपने निर्वाण के लक्ष्य को प्राप्त करते है,जैन दर्शन का सार यही है,कि जीवन में सम्यक्त्व की प्राप्ती हो,और उपसंहार में उस भव्य आत्माका समाधि मरण हो उन्होंने गुरुवर आचार्य श्री को याद करते हुये कहा कि वह अपने साधना के संपूर्ण कार्यकाल में यही अनुभव करते रहे,और हम सभी को भी यही प्रेरणा देते रहे कि अपने भावों में प्रति समय प्रतिक्रमण एवं समाधि का भाव बना रहे बोधि:समाधि: परिणामशुद्धि:स्वात्मोपलब्धि: शिवसौख्य सिद्धि: मुनि श्री ने कहा कि ऐसी प्रेरणा हमें अपने गुरुवर से हम सभी को मिली,और उन्होंने उसी लक्ष्य को प्राप्त करने का जो प्रवल पुरुषार्थ किया वह हम सभी के सामने एक आदर्श है।उन्होंने आचार्य श्री समयसागर जी महाराज को एक निधी के रुप में हम सभी को दिया है उनका आशीष हमेशा फलता रहे। मुनि श्री ने उदाहरण देते हुये कहा कि मंदिर कितना भी भव्य और विशाल क्यों न बन जाऐ उसमें बेदी और श्री जी भी विराजमान हो जाऐं लेकिन यदि शिखर पर कलशारोहण नहीं है तो वह मंदिर अधूरा माना जाता है,ऐसे ही अपने जीवनकाल में आप कितने भी ब्रत उपवास कर लो अंत यदि समाधि सल्लेखना के साथ संपन्न न हो तो वह जीवन अधूरा माना जाता है उन्होंने कहा कि आचार्य गुरुदेव शारिरिक प्रतिकूलता होते हुये भी उस लक्ष्य को पाने में पूर्ण जाग्रति पूर्ण चेतना के साथ पूर्ण ममत्व का त्याग और निस्प्रहत: के भावों से अपने लक्ष्य को पाने में सफल रहे। मुनि श्री ने उपस्थित पांचों प्रतिभास्थलिओं की समस्त शिक्षिकाओं और संचालिकाओं कोआशीर्वाद देते हुये कहा कि हम सभी को गर्व है की गुरवर की छत्रछाया में सभी प्रतिभास्थलिओं की बहनें और उनका त्याग,परिश्रम और समर्पण से ही वह पल्लवित और पुष्पित हो रहे है उनको देखकर आज हमें बड़ा गर्व और गौरव होता है।इस अवसर मुनि श्री पवित्रसागर जी,निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीरसागर जी,मुनि श्रीआगमसागरजी, मुनि पुनीतसागरजी तथा वरिष्ठ आर्यिका गुरुमति माताजी जी, आर्यिकारत्न दृणमति जी, आर्यिकारत्न आदर्श मति जी, सहित संपूर्ण आर्यिका संघ के साथ ऐलक निश्चयसागर जी, ऐलक धैर्यसागर जी,ऐलक निजानंद सागर जी,ऐलक स्वागत सागर क्षु.संयम सागर जी महाराज संघस्थ क्षु. श्री मनन सागर,क्षु. श्री विचारसागर,क्षु.श्रीमगनसागर, क्षु.श्री विरलसागर मंचासीन थे।कार्यक्रम का संचालन ऐलक श्री धैर्यसागर जी महाराज ने किया इस अवसर पर चंद्रगिरी प्रतिभा स्थली की सोनल दीदी एवं मीनल दीदी ने अपने स्वरों के माध्यम से आचार्य श्री की भावनात्मक संगीतमय पूजन की एवं अपनी मृत्यू को मृत्यू महोत्सव मनाने की कला के साथ सभी त्यागी वृति परिवार के सदस्यों ने सामुहिक रुप से अर्घ समर्पित कराया। कार्यक्रम के शुभारंभ में आचार्य श्री के चित्र पर दीप प्रज्वलन चंद्रगिरी समाधि स्थल विद्यायतन के अध्यक्ष विनोद बड़जात्या रायपुर, महामंत्री मनीष जैन , जैन, सोपान जैन, अमित जैन, नरेश जैन जुगु भैया, सप्रेम जैन,चंद्रगिरी तीर्थक्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष किशोर जैन, सुभाष चंद जैन, निर्मल जैन,मंत्री चंद्रकांत जैन,रीतेश जैन डब्बू,अनिल जैन, यतिष जैन, राजकुमार मोदी सहित समस्त पदाधिकारियों ने किया।



## धर्म समाचार....

# असल में क्या है सुख-दुख

श्रीरामचरितमानस में काकभुशुण्डि और गरुड़ संवाद में गोस्वामी तुलसीदास ने 17 प्रकार के मानस रोगों का वर्णन किया है। श्रीरामचरितमानस के उत्तरार्ध में ज्ञान भक्ति का निरूपण है। सुख-दुख के वास्तविक स्वरूप का वर्णन है। मनुष्य तन की दुर्लभता का वर्णन है। संसार में सबसे अधिक चतुर शिरोमणि वे लोग हैं जो भगवान की भक्ति प्राप्त करने के लिए अपने पुरुषार्थ का सदुपयोग करते हैं। स्वामी मैथिलीशरण, संस्थापक अध्यक्ष, श्रीरामकिंकर विचार मिशन। भगवान श्रीराम की भक्ति चिंतामणि है। यह जिसके हृदय में बसती है, उसे मानस रोग कोई क्लेश नहीं दे सकते हैं। श्रीरामचरितमानस के उत्तरार्ध में ज्ञान भक्ति का निरूपण है। सुख-दुख के वास्तविक स्वरूप का वर्णन है। मनुष्य तन की दुर्लभता का वर्णन है। संसार में सबसे अधिक चतुर शिरोमणि वे लोग हैं, जो भगवान की भक्ति प्राप्त करने के लिए अपने पुरुषार्थ का सदुपयोग करते हैं। यह भक्ति परम प्रकाश रूप में दिन-रात भक्त का रक्षण करती है। साधक को इसके प्रकाश के लिए किसी, घी, बाती, दीपक और माचिस की आवश्यकता नहीं होती है।




मोह युक्त व्यक्ति इस भक्ति-मणि के प्रकाश से वंचित रहता है। अंतत: जिसके प्रकाश में भक्त के हृदय में परम प्रकाश होता है, उसी दीपक की लौ में असद्बुद्धि वाला जलकर भस्म हो जाता है। मानस रोगों से मुक्त होने के लिए व्यक्ति को अपनी बुद्धि रूपी सुमति कुदाली के द्वारा वेद-पुराणों का स्वाध्याय करके खोद-खोदकर ज्ञान-वैराग्य के नेत्रों के द्वारा भक्ति मणि की खोज करनी होगी। भक्ति के लिए परदोष दर्शन से मुक्त होना परमावश्यक है। अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश आदि जो अज्ञान के पांच कारण हैं, इन्हीं के कारण व्यक्ति परदोष दर्शन के कारण मानस-रोगी हो जाता है। संपूर्ण रामचरित सुनने के पश्चात गरुड़ जी ने काकभुशुण्डि जी से कहा कि कृपया अब आप मानस-रोग क्या होते हैं, उनका वर्णन करें। क्रमश: 17 प्रकार के रोगों का विवेचन करते हुए काकभुशुण्डि जी कहते हैं कि जो रोग हमें शरीर में बाहर दिखाई देते हैं, वे सभी रोग सूक्ष्म रूप में व्यक्ति के मन में रहते हैं। इनसे संसार के सभी प्राणी ग्रस्त हैं, पर कोई भी समझ नहीं पाता है कि हममें रोग है। अपितु जो रोग उसे होता है, वह स्वयं अपने में न देखकर, वही रोग दूसरे में देखने के कारण दुखी होता रहता है। वह जिसके संपर्क में आता है, वह अपने रोगों को उनमें भी बांटता रहता है। काकभुशुण्डि जी सकल व्याधियों के मूल में मोह को ही मानते हैं, जिससे अनेक व्याधियों का जन्म होता है। तिन्ह ते पुनि उपजहिं भवसूला।। जीवन में जो काम की वृत्ति है, वही वात रोग है, लोभ ही कफहै, क्रोध पित्त है। जब रोगी के जीवन में कफ, वात, पित्त तीनों की विकृति हो जाती है, तब रोगी सन्निपात रोग से ग्रस्त हो जाने के कारण बक-झक करने लग जाता है। विवेक पर नियंत्रण समाप्त होने के कारण जो परम सुगम सत्संग है, उसी को व्यर्थ समझने लग जाता है । और अपने विनाश के मार्ग पर चल पड़ता है। हित की बात भी जब अहितकारी लगे तो समझना चाहिए कि अब इसे सन्निपात हो गया है। हनुमान जी ने दशानन रावण से भी उपदेश करते हुए यही कहा कि तुम्हें मोह का रोग हो गया है। इसके कारण तुम्हारा ज्ञान पक्ष विलुप्त होकर अज्ञानियों की तरह घोर तमोमय हो गया है। अहंकार के कारण श्रेष्ठ वचन सुनने की प्रवृत्ति समाप्त हो गई है।

### मनुष्य को देवत्व की ओर ले जाता है स्वामी दयानंद जी का सिद्धांत

स्वामी दयानंद जी ने अपना आध्यात्मिक चिंतन प्रकट करते हुए स्पष्ट किया कि मनुष्य जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति है। इसके लिए उन्होंने अष्टांग योग अर्थात यम नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान और समाधि का मार्ग अपनाने पर बल दिया। स्वामी दयानंद जी का दर्शन व आध्यात्मिक चिंतन मनुष्य को देवत्व की ओर ले जाने का मार्ग दिखाता है।




**मनुष्य को देवत्व की ओर ले जाने का पथ।**

डा. राकेश कुमार आर्य, इतिहासकार व अध्यात्मवेत्ता। स्वामी दयानंद जी संसार को उसी प्रारंभिक अवस्था में ले जाना चाहते थे, जब सभी लोग इस बात से सहमत थे कि समस्त संसार के जन एक ही मानव जाति से संबंध रखते हैं, उनका एक ही पिता है। एक ही माता है। एक ही गुरु (परमपिता परमेश्वर) है। इसलिए सब एक परिवार के जन सिद्ध होते हैं। स्वामी जी ने वेद की भाषा में लोगों को समझाते हुए कहा कि संसार में आकर आर्यत्व अर्थात श्रेष्ठता के गुणों को धारण करना मनुष्य का प्राथमिक लक्ष्य है। अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश जैसे पांच क्लेशों को जीतना मुमुक्षु अर्थात मोक्ष अभिलाषी मनुष्य की साधना का लक्ष्य होता है। स्वामी जी की मान्यता थी कि जब तक चित्त एकाग्र रहता है, तब तक चित्त की वृत्तियां अपने काम में लगी रहती हैं और आत्मा की बहिर्मुखी वृत्ति में ही काम करती रहती हैं। अष्टांग योग के यम और नियम पर अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वामी जी ने स्पष्ट किया कि अपने चारों ओर शांति का वातावरण उत्पन्न करना यम है। यम को पांच भागों में विभक्त कर सकते हैं -1.अहिंसा - मन, वचन, कर्म तीनों से किसी भी प्राणी को कष्ट न देना अहिंसा है। 2.सत्य - मन, वचन, कर्म तीनों से सत्य का प्रतिष्ठित होना सत्य है। 3.अस्तेयं - मन, वचन, कर्म तीनों से चोरी न करना। 4.ब्रह्मचर्य - शरीर में रज-वीर्य की रक्षा करते हुए लोकोपकारक विद्याओं को ग्रहण करना, मातृत्व-पर-दारेषु की भावना होना।

5 अपरिग्रह - धन का संग्रह करने, रखने, खोये जाने की तीनों ही अवस्था दु:खकारी हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# स्पोटर्स अकादमी रायपुर, बिलासपुर,कबीरधाम और मेजबान राजनांदगांव ने विजयी शुरूवात की

## मेजबान राजनांदगांव ने कोरबा को 19-0 गोल से पराजित किया, अस्मिता हॉकी राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का हुआ रंगारंग शुभारंभ






**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफइंडिया, हॉकी इंडिया व छत्तीसगढ हॉकी के तत्वधान में आयोजित की जा रही अस्मिता हॉकी राज्यस्तरीय जुनियर बालिका वर्ग में स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर ने जांजगीर चांपा को 9-0 गोल से दुसरा मैच बिलासपुर ने कांकेर को 3-0 गोल से पराजित किया कबीरधाम ने दुर्ग को 11-1 गोल से पराजित किया वही आज के चौथे मैच मेजबान राजनांदगांव ने कोरबा को 19-0 गोल से पराजित करते हुए अपना विजय अभियान प्रारंभ किया। स्पर्धा का रंगारंग शुभारंभ श्रीमति रेखा मेश्राम पूर्व सदस्य महिला आयोग सुश्री मणीभास्कार पार्षद, श्री छोटेलाल रामटेके पार्षद,श्री ए.एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगाव, श्री नीलम चंद जैन,श्री भुषण सॉव,श्री प्रकाश शर्मा, प्रिंस भाटिया, श्री महेन्द्र सिंह ठाकुर, सांई की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में सुश्री दिव्या और प्रियांका एवं अन्य वरिष्ठ हॉकी खिलाडियों व सदस्यो की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आज से प्रारंभ हुई अस्मिता हॉकी राज्यस्तरीय लीग बालिका हॉकी चैम्पियनशिप के शुभांरभ अवसर के मुख्यआतिथि श्रीमति रेखा मेश्राम ने कहा कि राजनांदगांव शहर हॉकी की नर्सरी के नाम से सालो से जाना जाता रहा आज के समय बालिका क्या नही कर पाती आज हमारी लडकियां हॉकी खेल रही है क्रिकेट खेल रही है और न जाने अनेक ऐसा गेम खेल रही है आज के समय ऐसा कोई कार्य नही है जिसे आज के समय जो लडकियां नही कर पाती है लडको के साथ कंधे में कंधे मिला कर चल रही है। अध्यक्षता कर रही सुश्री मणिभास्कर ने कहा की सरकार हर संभव मदद खेलो व खिलाडियों के लिए कर रही है उन्होने कहा की हम सब मिलकर खेलो के संवर्घन के लिए हमेशा आगें रहेगें। छत्तीसगढ हॉकी अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी ने उपस्थित आतिथियों का स्वगत करते हुए कहा की स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफइंडिया एवं हॉकी इंडिया के निर्देशानुसार ग्रासरूट हॉकी को आगे बढाने के उद्धेश्य से



अस्मिता हॉकी राज्यस्तरीय हॉकी टूर्नामेंट आयोजित की जा रही है जिसमें बहुत से ऐसे जिले है जिन्हे राष्ट्रीय स्तर पर खेल का प्रदर्शन दिखाने का मौका नही मिल पाता है उन्हे ऐसे आयोजनो से खेलने का मौका मिल रहा हैं। उद्धाघटन समारोह इस अवसर पर अतिथियों का पुष्पमाला व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत भी किया गया अतिथियों ने मैदान में पहुचकर प्रतिभागी खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया आयोजन समिति के द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुश्री आशा थॉमस, अनुराज श्रीवास्तव तीरथ गौस्वामी, सचिन खोब्रागडे, शकील अहमद,हारून खान, अभिनव मिश्रा, किशोर धीवर, दिलीप रावत, खेमराज सिन्हा, कृष्णा यादव, रूपेश जायसवाल सहित खेल प्रेमी जनता उपस्थित थे।स्पर्धा के तहत आज 18 फरवरी को प्रात:काल दो मैच खेला गया जिसमें पहले मैच में हॉकी हॉकी स्पोटर्स अकादमी रायपुर ने जांजगीर चांपा को 9-0 गोल से पराजित किया स्पोटर्स अकादमी रायपुर के ओर से नम्रता ने 4 गोल नहेश्वरी ने 2 गोल नेहा, नंदिता,मिना ने 1-1 गोल किया वंही जांजगीर चांपा ने एक भी गोल नही कर पाई आज का दुसरा मैच बिलासपुर विरूद्ध कांकेर के मध्य खेला गया जिसमें बिलासपुर ने कांकेर को 3-0 गोल से पराजित किया बिलासपुर की ओर से रिया ,डॉली,मधु सिंदार ने 1-1 गोल किया आज का तीसरा मैच कबीरधाम विरूद्ध दुर्ग के मध्य खेला गया जिसमें कबीरधाम ने एकतरफा मुकाबले में दुर्ग को 11-1 गोल से पराजित किया कबीरधाम की ओर से यशोदा ने 7 गोल देवकी,रूखमणी,मोनिका ने 1-1 गोल किया वही दुर्ग की ओर से अक्शप्रविण ने 1 गोल किया आज का चौथा और अंतिम मैच मेजबान राजनांदगांव विरूद्ध कोरबा के मध्य खेला गया जिसमें मेजबान राजनांदगांव ने कोरबा को 19-0 गोल से पराजित किया मेजबान राजनांदगांव की ओर से शितल यादव ने 10 गोल अक्षिता अहूजा ने 4 गोल दुबी रावत ने 3 गोल सिमरण ने 2 गोल कर विजयी शुरूवात किया।

**आज के मैच**

पहला मैच सुबह 08 बजे कबीररधाम विरूद्ध जांजगीर चांपा के मध्य

दुसरा मैच 09:15 बजे कोरबा विरूद्ध कांकेर के मध्य

तीसरा मैच दोपहर 02:30 बजे स्पोटर्स अकादमी रायपुर विरूद्ध दुर्ग के मध्य

चौथा मैच मेजबान राजनांदगांव विरूद्ध कांकेर के मध्य खेला जायेगा।

# चुनाव में षडयंत्र पूर्वक हार, भागवत साहू ने दिया इस्तीफा

राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू जिला पंचायत सदस्य चुनाव हार गए हैं। चुनाव में अपनी ही पार्टी के बागी अंगेश्वर देशमुख के हाथों चुनाव हारने के बाद उन्होंने पीसीसी चीफ दीपक बैज को अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया है। इतना ही नहीं श्री साहू ने पराजय का मुंह देखते ही जिला साहू संघ के भी अध्यक्ष होने के नाते जाति का कार्ड खेलने की कोशिश की है। उन्होंने डोंगरगांव विधायक ( दलेश्वर साहू) और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खास समझे जाने वाले कांग्रेस नेता नवाज खान पर हार का ठीकरा फोड़ते हुए उन पर षडयंत्र पूर्वक हराने आरोप लगाया है। कांग्रेस की यह अंतर कलह भाजपा के लिए जरूर सुखद हो सकती है।

आज तकरीबन दोपहर 1:30 बजे प्रेस क्लब भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भागवत साहू ने कहा कि मुझे जिला पंचायत क्षेत्र कमांक 03 टेड़ेसरा से जिला पंचायत सदस्य के लिये कांग्रेस से अधिकृत प्रत्याशी उतारा गया था। लेकिन कांग्रेस के द्वारा किसी भी तरह का सहयोग नही किया गया। यहां तक कि शहर सहित ग्रामीण नेता के द्वारा चुनाव में जीत न हो सके उसके लिये षडयंत्र पूर्वक काम किया गया। जिसके वजह से मुझे हार का सामना करना पडा। तत्कालिन लोकसभा प्रत्याशी एवं विधानसभा प्रत्याशी राजनांदगांव साथ ही वर्तमान विधायक




### नवाज और दलेश्वर पर षडयंत्र पूर्वक हराने का आरोप

डोंगरगांव व डोंगरगढ़ एवं पूर्व जिला अध्यक्ष नवाज खान के द्वारा सामूहिक नेतृत्व में षडयंत्र पूर्वक साहू समाज के प्रत्याशी को हराने के लिये धन बल बाहूबल का भरपूर प्रयोग करते हुए कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी भागवत साहू जो वर्तमान में जिला कागेस ग्रामीण के अध्यक्ष और जिला साहू समाज के अध्यक्ष को बदले के भावना को ध्यान में रखकर बागी प्रत्याशी अंगेश्वर देखमूख को विजयी बनाने में सफल हुये। इस संभावित स्थिति को ध्यान में रखकर छत्तीगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री को पत्र एवं मिलकर उचित निर्णय लेने का निवेदन पत्र के माध्यम से 03 फरवरी को अवगत कराया गया था बावजूद इसके बैठको के माध्यम से मुझको भ्रमित करते रहे और बागी प्रत्याशी को मदद करते रहे। इन सब घटनाओं से यह बात तो स्पष्ट हो जाती है।

उल्लेखित नेता यहां बहुसंख्यक साहू समाज के व्यक्ति को एवं कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को आपस में लडा कर कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे है। जिले में कांग्रेसी नेताओं को सत्ता व संगठन से वंचित करने का षडयंत्र कर रहे है, एवं जिले में समांतर संगठन चलाकर पार्टी को क्षति पहुचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। उक्त पस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष को न्याय न मिलने की परिस्थिति में जिले के छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं को न्याय दिलाने में मैं अपने आप को असमर्थ महसूस कर रहा हूं। उक्त घटनाक्रम से पूरी तरह आहत हूं। जब कांग्रेस पार्टी के बडे जिम्मेदार लोग ही पार्टी को क्षति पहुंचाने में लगे है। ऐसी परिस्थितियों में मैं वर्तमान जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष के पद से मुक्त होना ही उचित समझता हूं एवं अध्यक्ष पद से स्तीफा देता हूं। एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में कांग्रेस पार्टी का काम करता रहूंगा।

# आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ सही ढंग से वह उचित लाभ नहीं मिल पा रहा क्षेत्रवासियों को

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** नगर वासियों एवं ग्रामीण क्षेत्रवासियों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना स्वास्थ्य विभाग का आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ सही ढंग से वह उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है । स्वास्थ्य विभाग व स्थानीय प्रशासन द्वारा जगह-जगह शिविर लगाकर लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है ।ताकि गरीबों तबके के व मध्यम वर्ग के लोगों का 50000 से 5 लाख तक का इलाज मुफ्त में हो सके परंतु यहां के क्षेत्रवासी इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुई खदान में अपातकालिन सिजेरियन ऑपरेशन व अन्य बड़ा ऑपरेशन नहीं होने से मरीज को ऑपरेशन हेतु प्राइवेट अस्पताल व नर्सिंग होम में सरंण लेना पड़ रहा है ।यहां मरीजों से लंबा रकम नगद राशि वसूल जाता रहा है । छुईखदान नगर




मे आयुष्मान कार्ड का कोई वैल्यू नहीं है। आयुष्मान कार्ड का लाभ लेना हो तो मरीजो को दूसरे शहर जाना पड़ता है ।छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी वर्षो से व्याप्त है। छुईखदान नगर में दो प्राइवेट अस्पताल संचालित है ।पर इन दोनों जगह यह आयुष्मान कार्ड लागू नहीं है खैरागढ़ मार्ग मे मां बमलेश्वरी चिकित्सालय ;एवं गंडई मार्ग में आशा हॉस्पिटल; संचालित है इस अंचल के लोगों का प्राइवेट डॉक्टर द्वारा हर प्रकार का बिना आयुष्मान कार्ड लागू किए बिना ऑपरेशन किया जा रहा है। इस क्षेत्र के ग्रामीण वासियों एवं नगर वासियों ने स्थानीय विधायक मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से पत्र व्यवहार कर मांग किया है कि शीघ्र ही मां बमलेश्वरी चिकित्सालय एवं आशा हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड लागू किया जाए ताकि गरीब तबके के लोगों का ऑपरेशन में लंबी खर्चे से राहत मिल सके एवं उचित स्वास्थ्य का लाभ मिल सके।

# डिलापहरी से सरपंच पद पर निर्वाचित हुए गोविंद वर्मा

**ग्राम वासियों को सहयोग के लिए दिया धन्यवाद**

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत डिलापहरी से सरपंच पद हेतु गोविंद वर्मा कांच का गिलास छाप मुहर मिला था। जिसमें ग्रामवासीयों के सहयोग से 427 मतों से जीत हासिल किया है। 17 फरवरी को हुए मतदान में सरपंच पद के लिए गुलाब वर्मा ने प्रचंड मतों से जीत हासिल की। इस जीत का श्रेय समस्त ग्रामवासी डिलापहरी को दिया है। श्री वर्मा ने कहा कि ग्राम डिलापहरी के मतदाता ने मुझ पर भरोसा करके मुझे सरपंच पर निर्वाचित होने के लिए अपना भरपूर सहयोग दिया है और मैं भरोसा दिलाता हूं कि गांव को स्वच्छ बनाऊंगा और साथ ही साथ गांव के विकास के लिए मैं हमेशा काम करते रहूंगा और सरकार की योजनाओं का लाभ भी गांव की जनता को दिलाने के लिए हर संभव मदद करूंगा मेरा दरवाजा गांव के सभी लोगों के लिए 24 घंटा खुला रहेगा। कोई भी परेशानी या समस्या होने पर मैं उन्हें तुरंत हल करने का प्रयास करूंगा। श्री वर्मा को जीत की बधाई देने वालों में मुख्य रूप से छत्रपाल वर्मा, सतीलाल वर्मा, उत्तम वर्मा, चौखु वर्मा, परमानंद वर्मा, कमल यादव, रमेश पाटल, मोहन पाटल, घनश्याम पाटल, हेमनारायण, हेमलाल वर्मा सहित सभी ग्रामवासी आदि शामिल है।



# राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत नाबालिग बालक को परिजनों से मिलाया गया



**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) राजनांदगांव ने ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत एक 12 वर्षीय नाबालिग बालक को उसके परिजनों से मिलाकर एक सराहनीय कार्य किया।

मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 18 फरवरी 2025 को सुबह करीब 5:00 बजे रेलवे रिजर्वेशन केंद्र के पास गश्त के दौरान निरीक्षक तरुणा साहू, उपनिरीक्षक के. प्रसाद, आरक्षक आर.के. दुबे और आरक्षक मनीष कुमार ने एक डरे-सहमे बालक को रोते हुए देखा।

जब उससे प्यार से पूछताछ की गई, तो उसने अपना नाम बताया और बताया कि वह 17 फरवरी को माता-पिता की डांट से नाराज होकर भिलाई से साइकिल पर सवार होकर राजनांदगांव आ गया था। आरपीएफ टीम नाबालिग को थाने ले गई और स्टेशन प्रबंधक को सूचना दी गई। इसके बाद, बच्चे के परिजनों को मोबाइल के माध्यम से सूचित किया गया। बालक के पिता ने बताया कि उनके बेटे के लापता होने की सूचना भिलाई-3 थाने में दर्ज कराई गई थी और वे उसकी तलाश में मोहल्ले और परिचितों के यहां भटक रहे थे। बाद में, बालक के पिता और चाचा राजनांदगांव पहुंचे। आधार कार्ड से पहचान सत्यापित करने के बाद, गवाहों की उपस्थिति में बच्चे को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया गया। अपने बेटे को सकुशल पाकर परिजन बेहद खुश हुए और आरपीएफ राजनांदगांव की टीम का आभार व्यक्त किया।

**रेलवे सुरक्षा बल की सराहनीय पहल**

आरपीएफ की ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते पहल का उद्देश्य ऐसे बच्चों की मदद करना है जो किसी कारणवश परिवार से बिछड़ जाते हैं। आरपीएफ राजनांदगांव की टीम ने इस अभियान के तहत संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए एक परिवार को फिर से मिलाया और समाज में सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास को और मजबूत किया।

# आज छत्रपति शिवाजी पार्क में शाम 6:00 बजे मनाया जाएगा छत्रपति शिवाजी जन्मोत्सव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छत्रपति शिवाजी धर्म रक्षक समिति कुनबी समाज, कुर्मी समाज, मराठा समाज एवं महाराष्ट्रीयन तेली समाज के संयुक्त तत्वाधान में शिवाजी जन्मोत्सव 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम के तहत गुरुद्वारा के समीप स्थित छत्रपति शिवाजी पार्क में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज जी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा कर पूरे पार्क में दीप जलाकर सुशोभित किया जाएगा तत्पश्चात छत्रपति शिवाजी महाराज एवं मां भवानी की आरती कर प्रसादी वितरण की जाएगी। आयोजन करता एवं समाज ने राजनांदगांव शहर के उपस्थित सभी धर्म प्रेमी एवं सनातनियों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सफल बनाने का निवेदन किया है।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com